५. भारत में कृषि

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. श्रीकृष्ण और बलराम ने खेती की महत्ता कैसे बढ़ायी ?

उ. हमारे देवता श्रीकृष्ण और बलराम कृषक जीवन बिताते थे । किसान लोग जिस हल से खेत जोतते हैं, वह हल बलराम का आयुध था । इसलिए बलराम को लोग ' हलधर ' कहते हैं । श्रीकृष्ण इसलिए उनका नाम गोपाल पड़ा । इस प्रकार श्रीकृष्ण और बलराम ने अपने कार्यो से खेती की महत्ता बढ़ायी । गाएँ चराते थे जो खेती बारी के काम आते हैं ।

प्र.२. गाँव क्यों भारत की रीढ़ है ?

उ. भारत गाँवों का देश है । भारत की अस्सी प्रतिशत जनता गाँवों में रहती हैं । गाँवों में किसान रहते हैं, जो हमारे लिए अन्न पैदा करते हैं । उस अन्न को खाकर हम अपने शरीर को पुष्ट करते हैं । शहर के लोगों के लिए खाद्य सामग्री गाँवों से आती है । अगर गाँवों से चीजें नहीं पहुँचती तो शहर में हाहाकार मच जाता । इसलिए हम कह सकते हैं कि गाँव भारत की रीढ़ हैं ।

प्र.३. अन्न की कमी के मुख्य कारण क्या - क्या हैं ?

(या)

भारत में अन्न की समस्या क्यों बनी है ? पचास शब्दों में उत्तर दीजिए ।

उ. भारत एक प्राचीन और विशाल, कृषि प्रधान देश है । गाँव भारत की रीढ़ है । यहाँ अन्न की कमी के अनेक कारण हैं । भारत की अस्सी प्रतिशत जनता गाँवों में रहती हैं । भारत की आबादी दिन - प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं । किन्तु खेतों के योग्य भूमि ज्यों की त्यों है । भूमि की उर्वरा शक्ति दिन - ब - दिन कम होती जा रही है । जिन प्रान्तों में अधिक मात्रा में अन्न उत्पन्न होता था वे प्रान्त विभाजन के समय पाकिस्तान में चले गये हैं । भारतीय किसान अनपढ़ और गरीब है । वे खेती के लिए अच्छे साधन तथा आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करना नहीं जानते । सिंचाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं हैं इसलिए भारत में अन्न की समस्या बनी हुई हैं ।

प्र.४. अन्न की कमी के मुख्य कारण क्या - क्या हैं । सौ शब्दों में उत्तर दीजिए ।

(या)

भारत में अन्न की समस्या क्यों बनी है ?

उ. भारत एक कृषि प्रधान देश है । यहाँ अन्न की कमी के अनेक कारण हैं । भारत की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं किन्तु खेती योग्य भूमि ज्यों की त्यों है उसमें वृध्दि नहीं हो रही है । भूमि की उर्वरा शक्ति दिन - ब - दिन कम होती जा रही है । परिणामस्वरुप जितना अन्न पहले पैदा होता था उतना अब पैदा नहीं होता ।जिन प्रान्तों में अधिक मात्रा में अन्न उत्पन्न होता था वे प्रान्त विभाजन के समय पाकिस्तान में चले गये हैं ।

भारतीय किसान अनपढ़ एवं निर्धन हैं । वे खेती के लिए अच्छे साधन तथा वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करना नहीं जानते । भारत में खेती वर्षा पर निर्भर है । सिंचाई का प्रबन्ध ठीक न होने के कारण किसान वर्षा के भरोसे रहते हैं । अधिक वर्षा और कम वर्षा के कारण खेती की बुरी दशा है । इस कारण अब किसानों की रुचि खेती में नहीं रह गयी है क्योंकि उन्हें बहुत नुकसान उठाना पड़ता है ।

किसान शहरों के विलासमय जीवन की ओर आकर्षित हो रहे हैं । वे गाँव छोड़कर शहरों में आ रहे हैं और उनका ध्यान अन्न से अधिक आर्थिक लाभ वाली पैदावारों की ओर जा रहा हैं । वे अन्न की भूमि को अन्य पैदावरों में उपयोग कर रहे हैं । यही कारण है कि भारत में अन्न की कमी की समस्या बनी हुई हैं ।

प्र.५. किसानों की सुधारने के क्या - क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

उ. वर्तमान समय मे भारत सरकार का ध्यान किसानों की ओर गया है । उनकी दशा सुधारने और अधिक मात्रा में अन्न उपजाने के लिए, जिससे किसानों को लाभ हो, प्रयत्न किए जा रहे हैं । पंचवर्षीय योजनाओं में खेती को प्राथमिकता दी गयी हैं । सिंचाई के समुचित प्रबन्ध किए जा रहे हैं । नदियों, नालों पर बाँध बना कर सिंचाई के योग्य काम आने वाले कई योजनाएँ बनायी जा रही हैं । इससे अन्न के उत्पादन में वृध्दि हो सकती है ।

किसानों को साक्षर बनाने के लिए प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र बड़ी मात्रा में खोले गये हैं । वहाँ सायँकाल किसानों को शिक्षा दी जा रही है । वैज्ञानिक उपकरण जैसे हल, बीज, खाद तथा खेती के लिए आधुनिक उपयोगी साधन उन्हें सस्ते मूल्यों पर उपलब्ध कराये जा रहे है । कम समय में अधिक अन्न देने वाले बीजों का उपयोग हो रहा है । किसानों की सुविधा के लिए जगह - जगह सहकारी समितियाँ स्थापित की गयी है । जहाँ से किसान कम सूद पर ऋण ले सकते है । सरकार देश की आबादी पर नियंत्रण करने के लिए भी अनेक उपाय कर रही हैं । आशा है कि किसानों की हालत में जल्दी ही सुधार आयेगा ।

I. वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

१. खेती - - खेती बारी करना ।
गाँव में किसान खेती - बाड़ी करते है ।

२. हाहाकार मच जाना - शोर मच जाना
तूफान आने के कारण शहर में हाहाकार मच गया ।

३. दिन - ब - दिन - प्रतिदिन
भारत की जनसंख्या दिन - ब - दिन बढ़ती जा रही है ।

४. संभावना - मुमकिन
आज बारिश होने की संभावना है ।

II. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	सुलभ	X	दुर्लभ	५.	मंद	X	तेज, तीव्र
२.	साक्षर	X	निरक्षर	६.	उधार	X	नगद
३.	अतिवृष्टि	X	अनावृष्टि	७.	देवता	X	दानव
४.	भविष्य X		वर्तमान / भूत	८.	प्राचीन	X	नवीन

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

१. किसानों की हालत ..... बिगड़ती जा रही है ।
उ. दिन - ब - दिन

२. गाँव भारत की ..... है ।
उ. रीढ़

३. भारत ..... देश है ।
उ. कृषि प्रधान

IV. प्रत्यय अलग कीजिए ।

			प्रत्यय				प्रत्यय
१.	मजदूरी	-	ई	३.	वैज्ञानिक	-	इक
२.	निर्धनता	-	ता	४.	पंचवर्षीय	-	ईय

V. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. बलराम का आयुध क्या था ?
उ. हल

२. भारत की रीढ़ क्या है ?
उ. गाँव

३. श्रीकृष्ण और बलराम ने अपने कार्यो से किसकी महत्ता बढ़ायी ?
उ. कृषि की ।

४. शहर के लोग किनके ऋणी है ।
उ. गाँव के ।

५. भारत मे प्रतिदिन क्या बढ़ रही है ?
उ. आबादी

६. अधिक अन्न पैदा करनेवाले प्राँत किस देश में चले गये ?
उ. पाकिस्तान

७. भारतीय किसान कैसे है ?
उ. अनपढ़

८. भारत में खेती किस पर निर्भर है ?
उ. वर्षा पर ।

९. खेती कब सड जाती है ।
उ. अतिवृष्टि में ।

१०. ग्रामीण भारत के क्या है ?
उ. अन्नदाता

११. किस योजना में खेती को प्राथमिकता दी गई ?
उ. पंचवर्षीय

१२. किसान को साक्षर बनाने के लिए क्या खोले जा रहे है ?
उ. प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र ।

१३. भारत में किसकी समस्या बनी हुई है ?
उ. अन्न की ।

१४. भारत की अधिकांश जनता किस पर निर्भर है ?
उ. खेती बारी पर ।

१५. श्रीकृष्ण और बलराम कौन थे ?
उ. भाई - भाई ।

१६. किसान के साथी कौन है ?

उ. हल और बैल ।

१७. भारत कैसा देश है ।

उ. कृषि प्रधान गाँवों का ।

१८. गायों को चराने वाला तथा पालक कौन थे ?

उ. श्रीकृष्ण

१९. भारत की अस्सी प्रतिशत जनता कहाँ रहती हैं ?

उ. गाँवों में

२०. गाँव के लोग किसकी ओर आकर्षित हो रहे है ?

उ. शहर की ओर ।

***